पत्रांक /Ref. No.: 1850/2022 दिनांक /Date.: 11-03-2022

संवाद–203

विषयः–अभ्यर्थियों द्वारा मा0 न्यायालय में दायर की जा रही रिट याचिकाओं के संबंध में :–

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि आयोग की चयन प्रकियाओं से संबंधित कई मामलों में अभ्यर्थियों द्वारा रिट याचिकायें प्रस्तुत की जा रही है। ऐसी 02 रिट याचिकाओं में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशों को मैं इस संवाद के माध्यम से आपसे साझा करना चाहता हूं:–

पहला मामला अभ्यर्थी श्री विकासदीप धनोला का है जिन्होंने मा0 उच्च न्यायालय में अवर अभियंता(सिविल) के चयन के मामले में यह याचिका प्रस्तुत की कि आवेदन पत्र में गलती से वे पुरूष की जगह महिला अंकित कर चुके है, किंतु उनके अंक अधिक है अतः उन्हें चयन का अवसर दिया जाये। मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 21.06.2021 को उनकी याचिका खारिज कर दी गयी जिसकों उन्होंने मा0 उच्च न्यायालय की खण्डपीठ के समक्ष चुनौती दी। इस मामलें में दिनांक 04 मार्च, 2022 को मा0 उच्च न्यायालय द्वारा श्री धनोला की याचिका अस्वीकार करते हुये यह आदेश दिये कि आवेदन पत्र सही प्रकार से भरना अभ्यर्थी की जिम्मेदारी है एवं यदि याची की याचिका स्वीकार की जाती है तो एक ऐसा अभ्यर्थी चयन से बाहर हो सकता है जिसने अपना आवेदन पत्र सही प्रकार से भरा है।

एक अन्य मामले में अभ्यर्थियों द्वारा कृषि विभाग में सहायक कृषि अधिकारी के पदों को नियोक्ता विभाग की ओर से कम कर दिये जाने के निर्णय को चुनौती दी गयी। इस मामले में भी मा0 उच्च न्यायालय की एकलपीठ द्वारा याचिका को खारिज कर दिया व अभ्यर्थी श्री गोपाल दत्त चबडाल द्वारा इस निर्णय के विरूद्व विशेष अपील योजित की गयी व इसको भी मा0 न्यायालय द्वारा अस्वीकार कर दिया गया।

इन मामलों को आपके संज्ञान हेतु इसलिए लाया जा रहा है कि अभ्यर्थी यह सोचते हैं कि उनके द्वारा प्रस्तुत ऐसी याचिकाओं से वे चयन सूची में स्थान प्राप्त कर लेंगे। यह विचार उचित नहीं है व इससे अभ्यर्थियों का काफी समय व धन का अपव्यय होता है। अतः आप सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि मा0 उच्च न्यायालय में अनावश्यक वादों से बचें।

आयोग की ओर से,

11/3/22

(संतोष बडोनी)
सचिव।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com